कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी

शीशमबाग वन परिसर, जेल रोड, हीरानगर, हल्द्वानी, जिला नैनीताल
E-mail : dfote@rediffmail.com, Phone: 05946-254309, Fax: 05946-250298

पत्रांक 2902 / 12-1 हल्द्वानी, दिनांक 31/10/ 2023

सेवा में,

वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त,
हल्द्वानी।

विषयः– **जनपद–चम्पावत के अर्न्तगत नगर पंचायत बनबसा एवं नगर पालिका परिषद् टनकपुर के कूड़ा निस्तारण हेतु बनबसा में ट्रेचिंग ग्राउण्ड के निर्माण हेतु 0.80है0 वन भूमि लीज पर लिये जाने के सम्बन्ध में। (FP/UK/OTHERS/33662/2018)**

संदर्भः– प्रयोक्ता अभिकरण का पत्रांक–1283 / ठों0अप0प्रब0 / 2023–24 दिनांक–09.10.2023।

महोदय

उपरोक्त विषयगत प्रकरण में अवगत कराना है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय देहरादून पत्रांक–8B/UCP/109/112/2021/FC/1254 दिनांक 20.12.2022 द्वारा प्रकरण में ऑनलाईन भाग–01 के पैरा–H में आवश्यक सुधार एवं पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त के क्रम में इस कार्यालय के प्रंताक–7154 / 12–1 दिंनाक–18.05.2023 के द्वारा प्रयोक्ता अभिकरण को आपत्तियों के निराकरण हेतु लिखा गया। जिसके क्रम में प्रयोक्ता अभिकरण ने उक्त संदर्भित पत्र (जिसकी प्रति इस पत्र के साथ संलग्न) से अवगत कराया है कि वन भूमि हस्तान्तरण के पश्चात् ही पर्यावरणीय स्वीकृति लिया जाना संभव है।

अतः उक्त विषयगत प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार

भवदीय

(संदीप कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई पूर्वी वन प्रभाग,हल्द्वानी।

पत्रांक 2902 /12–1 दिनांकित

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को संदर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

1. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् खटीमा।
2. अपर प्रमुख वन संरक्षण नोडल अधिकारी, उत्तराखण्ड देहरादून।
3. जिलाधिकारी, चम्पावत।

(संदीप कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई पूर्वी वन प्रभाग,हल्द्वानी।

Scanned with AnyScanner

E-mail/Speed Post/By Hand

स्वच्छ बनबसा सुन्दर बनबसा

!! कार्यालय नगर पंचायत बनबसा (चम्पावत) !!

(स्वच्छता ही सेवा)

Email- eo.nagarpanchayatbanbasa@gmail.com

पत्रांक– 12 83 / ठो0अप0प्रब0 / 2023–24 दिनांक– 09– 10 –2023

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
तराई पूर्वी वन प्रभाग
हल्द्वानी।

विषय– जनपद–चम्पावत के अन्तर्गत नगर पंचायत बनबसा एवं नगर पालिका परिषद, टनकपुर के कूड़ा निस्तारण हेतु बनबसा में ट्रचिंग ग्राउण्ड के निर्माण हेतु 0.80 है0 वन भूमि लीज पर लिये जाने के सम्बन्ध में (FP/UK/OTHERS/33662/2018)

महोदय

उपरोक्त विषय आपके कार्यालय के पत्र संख्या 7154/12–1/हल्द्वानी, दिनांक 18 मई 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें आप द्वारा अवगत कराया गया है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय देहरादून के पत्रांक 8B/UCP/109/112/2021/FC/1254 दिनांक 20 दिसम्बर 2022 के द्वारा इस निकाय द्वारा प्रेषित सूचना अपूर्ण है, तथा उक्त प्रकरण में ऑनलाईन भाग–01 के पैरा–H में आवश्यक सुधार करने हेतु लिखा गया था। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त परियोजना के निर्माण हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति (Environment Clearance) लिया जाना तभी संभव है जबकि उक्त भूमि का स्वामित्व इस निकाय के पास हो। बिना निकाय के स्वामित्व के वन भूमि पर पर्यावरणीय स्वीकृति लिया जाना संभव नही है। इसके साथ ही महोदय यह भी अवगत कराना है कि भूमि हस्तान्तरण के पश्चात पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त किये बिना उक्त स्थल पर सैनिटरी लैंडफिल (SLF) का निर्माण प्रारम्भ नही किया जायेगा।

अतः महोदय से सादर निवेदन है कि उपरोक्त प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बनबसा
चम्पावत। O/C

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. निदेशक, शहरी विकास निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. जिलाधिकारी, चम्पावत।
4. अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, उत्तराखण्ड, देहरादून
5. वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बनबसा
चम्पावत। O/C

Scanned with CamScanner

Scanned with AnyScanner